
पटना विश्वविद्यालय
Patna University
Estd. 1917




# Patna University In News (01.09.2022)

दैनिक जागरण

## प्रो. बीरेंद्र बने भारतीय वनस्पति सर्वेक्षण संस्थान के सदस्य

**जागरण संवाददाता, पटना :** भारत सरकार, पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय ने भारतीय वनस्पति सर्वेक्षण संस्थान के रिसर्च एडवाइजरी और मानिटरिंग कमेटी में पटना विश्वविद्यालय के प्रो. बीरेंद्र प्रसाद को तीन वर्ष के लिए सदस्य नियुक्त किया है। प्रो प्रसाद वर्तमान में वनस्पति शास्त्र के प्राध्यापक और आइक्यूएसी के निदेशक हैं।

भारतीय वनस्पति सर्वेक्षण संस्थान की स्थापना 1890 में हुई थी। इसके अध्यक्ष प्रो सीआर बाबू हैं। इस संस्था की स्थापना मूलतः देश के पौधों के संसाधनों का पता लगाने और आर्थिक मूल्यों के साथ पौधों की प्रजातियों की पहचान करने के मूल उद्देश्यों से की गयी थी। उनकी नियुक्ति के अवसर पर पटना विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. गिरीश कुमार चौधरी ने हर्ष व्यक्त करते हुए कहा है कि यह विश्वविद्यालय के लिए गौरव की बात है। उनके सदस्य बनने के उपलक्ष्य में विश्वविद्यालय के छात्र कल्याण संकाय अध्यक्ष प्रो अनिल कुमार, प्रो रजनीश कुमार, प्रो परिमल कुमार खान और सभी शिक्षकों ने खुशी व्यक्त की है। कहा कि उनके सदस्य बनने से संस्थान और बेहतर करेगा।


प्रो. बीरेंद्र प्रसाद
भारतीय वनस्पति

## पीयू में इंडक्शन आज, कल से कक्षाएं

**पटना।** पटना विश्वविद्यालय के अंतर्गत आने वाले बीएन कॉलेज, मगध महिला कॉलेज, वाणिज्य महाविद्यालय और साइंस कॉलेज में इंडक्शन कार्यक्रम का आयोजन 1 सितंबर यानी गुरुवार को होगा। पटना कॉलेज के प्रिंसिपल अशोक कुमार ने कहा कि इंडक्शन की तैयारी पूरी कर ली गई है। दो सितंबर से वर्गों का संचालन शुरू हो जाएगा।

दैनिक भास्कर

## पटना विवि के कर्मी को दिया गया फेयरवेल

**पटना.** पटना विश्वविद्यालय में चतुर्थवर्गीय कर्मी जमील अख्तर बुधवार को रिटायर हो गये. उनके साथियों ने उन्हें आगे भविष्य में खुशहाल जीवन की कामना करते हुए विदाई दी. जमील अख्तर प्रॉक्टर कार्यालय में कार्यरत थे.

प्रभात खबर

Thu, 6
https:

दैनिक जागरण


## साइंस कालेज़ ने जारी किया स्टूडेंट इंडक्शन विवरणिका

**जागरण संवाददाता, पटना :** पटना साइंस कालेज ने प्रथम वर्ष के छात्रों के लिए स्टूडेंट इंडक्शन विवरणिका जारी किया। इसका विमोचन पटना विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. गिरीश कुमार चौधरी ने किया। विवरणिका में महाविद्यालय के विभाग, प्रयोगशाला, पुस्तकालय, क्रीड़ा गतिविधि, वोकेशनल पाठ्यक्रम आदि की जानकारी दी गई है। इसका संकलन भौतिकी विभाग के सहायक प्राध्यापक डा. अखिलेश कुमार गुप्ता, सहायक प्राध्यापक डा. प्रीति सिंह, डा. शोवन चक्रवर्ती, डा. शेखर, डा. पूनम रंजन, डा. प्रियंका शर्मा आदि ने किया। मौके पर साइंस कालेज के प्राचार्य प्रो. राजकिशोर प्रसाद, डीएसडब्लू प्रोः अनिल कुमार, कुलानुशासक प्रो रजनीश कुमार, प्रोः परिमल खान, प्रो. वीरेंद्र कुमार, प्रो. बीके लाल आदि मौजूद थे।

# पटना विश्वविद्यालय

# Patna University

Estd. 1917




## Patna University In News (01.09.2022)

THE TIMES OF INDIA

### Patna University colleges to organise induction meet today



**PATNA**: All the colleges of Patna University (PU) are set to hold an induction meet of newly-admitted students to their three-year degree courses in arts, science and commerce streams, both under regular (conventional) and self-financing (vocational) modes in the current academic session (2022-23) on Thursday. The meet will be held collegewise as per their own schedule. Online admission of students in the spot round against the remaining seats in different academic programmes in different colleges was finally closed on Wednesday. Classes of these students will start on Friday as per their respective time-table. At the induction meet, freshers would be apprised with the rules and regulations of the institution concerned and also about the various facilities available for boys and girls. All these students have been admitted to the PU colleges on the basis of their performance in the combined entrance test conducted by PU. Consequently, most of these newcomers would be joining the colleges directly after passing their class XII examination from schools.

PU students' welfare dean Anil Kumar said for the first time, these undergraduate students would go through the newly-introduced choice-based credit system (CBCS), wherein they would be required to opt for some skill development courses besides the core subjects. They would all be placed under the semester system, he said. PU happens to be the first university in the state to introduce CBCS at the undergraduate level from the current session. Gradually, the various provisions of the New Education Policy would also be introduced in the curriculum and the three-year degree may also be switched over to four-year degree course in the long run, said the dean.

### पीयू में से दाखिले की प्रक्रिया पूरी

**पटना** | पटना विश्वविद्यालय के स्नातक में वोकेशनल और सामान्य कोर्स में स्पॉट राउंड के तहत नामांकन बुधवार को समाप्त हो गया। दूसरे दिन 61 छात्रों ने नामांकन कराया। छात्रों ने सुबह 10.30 से लेकर शाम 4.30 बजे तक अलग-अलग कॉलेजों में नामांकन लिया। बता दें कि पहले दिन कुल मिलाकर 89 छात्रों ने नामांकन कराया। बीएन कॉलेज में सामान्य कोर्स में 20 व वोकेशनल कोर्स में 1, मगध महिला कॉलेज में सामान्य 20 व 9 वोकेशनल, पटना साइंस कॉलेज में सामान्य 6 व वोकेशनल में 1, पटना कॉलेज में सामान्य में 13 व वोकेशनल में 4 और वाणिज्य कॉलेज में सामान्य में 8 व वोकेशनल में 7 छात्रों ने नामांकन कराया।

दैनिक भास्कर

### अपने लक्ष्य को केंद्रित कर अध्ययन करें

**पटना.** पटना वीमेंस कॉलेज के जनसंचार विभाग द्वारा आजादी का अमृत महोत्सव के अंतर्गत आयोजित इंटर कॉलेज मोबाइल जर्नलिज्म "मोजो प्रतियोगिता" के विषय " अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता में तकनीक की भूमिका" में आयी प्रविष्टियों का अवलोकन सह पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया गया. प्रतियोगिता में 54 प्रविष्टियों आयीं थीं, जिनमें से छह प्रविष्टियों को चुना गया.

प्रभात खबर
Thu, 0
https:.